



## एक नजर में

### कालापीपल में रहस्यमय ढंग से लापता युवक

**शुजालपुर, 19 जुलाई .** शुजालपुर मंडी से कालापीपल के लिए निकला एक 24 वर्षीय युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया. युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने कई दिनों तक अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है. पुलिस के अनुसार कालापीपल के अंबिका नगर निवासी मोहन सिंह परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पुत्र तुषार परमार 24 वर्ष 13 जुलाई को अपने मामा अशोक परमार के घर जेएनएस कॉलेज के सामने शुजालपुर मंडी आया हुआ था. उसी दिन दोपहर करीब 2.30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल एमपी 42 एमडी 6903 से कालापीपल जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा. 15 जुलाई को मामा अशोक परमार ने इसकी जानकारी परिवार को दी. इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला. परिजनों ने आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति युवक को अपने साथ ले गया है या कहीं छिपा दिया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार तुषार परमार का रंग गोरा, कद करीब 5 फीट 8 इंच, बाल काले हैं. घटना के समय उसने सफेद टी-शर्ट और जींस पहन रखी थी. उसके हाथ पर हिंदी में सौरभ लिखा हुआ है. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को युवक के संबंध में कोई जानकारी मिले तो निकटतम पुलिस थाने या संबंधित पुलिस अधिकारियों को तत्काल सूचना दें.

### नेत्र परीक्षण शिविर में 175 मरीजों की जांच



**शुजालपुर, 19 जुलाई .** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर द्वारा समाजसेवी दिनेश चौहान एवं ज्ञान प्रकाश चौहान के सहयोग से छोटी पोलाय में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी ने कुल 175 मरीजों की आंखों की जांच की. जांच के दौरान 18 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया. चयनित मरीजों को अगले दिन सार्वजनिक धर्मशाला अकोदिया मंडी से बस के माध्यम से संत हिरदाराम नगर, भोपाल स्थित सेवा सदन अस्पताल ले जाया जाएगा, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन एवं उपचार किया जाएगा. शिविर के दौरान सेवा सदन के जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है. शिविर के सफल आयोजन में मोर सिंह गोयल, हरिनारायण परमार एवं रमेश परमार का विशेष सहयोग रहा.

### बारिश के इंतजार में तरसे खेत, बादलों ने जगाई उम्मीद




**शुजालपुर, 19 जुलाई .** क्षेत्र में मानसून की रफ्तार थमने से किसान चिंता में हैं. पिछले करीब 12 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल पर संकट गहराने लगा है. कई स्थानों पर नमी की कमी के चलते पौधों की बढ़वार रुक गई है और फसल के पीले पड़ने के साथ खराब होने की आशंका बढ़ गई है. रविवार को आसमान में दोपहर बाद बादलों की आवाजाही से किसानों की उम्मीदें फिर जागीं, लेकिन शाम 7 बजे तक बारिश नहीं हुई. कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सोयाबीन की फसल के शुरुआती विकास के लिए इस समय पर्याप्त नमी बेहद जरूरी है. लगातार बारिश नहीं होने से खेतों की मिट्टी सूखने लगी है, जिससे फसल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी वर्षा नहीं हुई तो उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है. क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर बोवनी होने के बाद अच्छी बारिश से फसल ने शुरुआत में बेहतर बढ़वार की थी, लेकिन अब लंबे अंतराल ने चिंता बढ़ा दी है. कई किसानों ने बताया कि खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और फसल मुरझाने लगी है. अब सभी की निगाहें मानसून की अगली बारिश पर टिकी है. इधर मौसम में नमी बढ़ने से अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. बादलों की आवाजाही के बावजूद तेज उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया. दिनभर चिपचिपी गर्मी के कारण बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. मौसम जानकारों के अनुसार वातावरण में पर्याप्त नमी बनी हुई है और बादलों की सक्रियता बढ़ रही है. यदि अनुकूल परिस्थितियां बनी रहीं तो आने वाले दिनों में क्षेत्र में अच्छी बारिश होने की संभावना है. किसान भी इसी उम्मीद के साथ आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, ताकि समय पर वर्षा होने से उनकी मेहनत और फसल दोनों सुरक्षित रह सकें.

### नागिन के डंसने से अजगर की मौत...



**शाजापुर, 19 जुलाई .** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में नागिन के डसने से अजगर नामक युवक की मौत हो गई. युवक सांप पकड़ने का ही काम करता था जिसने नागिन को पकड़ा और उसे पकड़कर करतब दिखा रहा था. लेकिन नागिन ने उसे हाथ और पैर में डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई. घटना शनिवार शाम नलखेड़ा रोड क्षेत्र की है. उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया. पुलिस के अनुसार नलखेड़ा रोड निवासी अजगर पिता मौलाना सांप पकड़ने का काम करता था. शनिवार को उसने एक नागिन को पकड़ रखा था और उसके साथ करतब दिखा रहा था. इसी दौरान नागिन ने उसके हाथ और पैर पर डस लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई. परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचेए लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. सूचना पर मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

**टॉर्च की रोशनी में हुआ पोस्टमार्टम**

घटना के बाद मोहन बड़ोदिया के पोस्टमार्टम रूम की बदहाल व्यवस्था भी उजागर हुई. जहां बिजली नहीं होने के कारण टॉर्च की रोशनी में पोस्टमार्टम करना पड़ा. यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव और गंदगी की स्थिति सामने आई. शनिवार शाम करीब 6 बजे बिजली और पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण डॉक्टरों को टॉर्च की रोशनी में पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं.

# एसपी को आए 13 दिन हुए, सट्टा, जुआ और नशे की हुई तेरहवीं

## शाबासी और कार्रवाई दोनों साथ-साथ, अभी तक दो टीआई कर दिए लाइन अटैच

**शाजापुर। 6 जुलाई को शाजापुर जिले की 34 वीं पुलिस अधीक्षक और तीसरी महिला कप्तान के रूप में अपनी आमद दी थी, आमद को दिए हुए अभी 13 ही दिन हुए हैं और एक अंधे कत्ल के आरोपी को पकड़ना और एक लूट को उजागर करना तो वहीं जुए, सट्टे और नशे के कारोबार में दो टीआई भी लाइन अटैच किए।**

**13 दिन के अपने कार्यकाल में जुआरियों, सटोरियों और नशे के कारोबारियों की तेरहवीं कर दी है. नए पुलिस कप्तान ने. हाल ही में नशे के कारोबार लगने पर शुजालपुर टीआई को लाइन अटैच किया और उसके पहले मक्सी टीआई को जुआ संचालन के कारण लाइन आना पड़ा।**

गौरतलब है कि लंबे समय बाद राजनीतिक संरक्षण से जमे थाना प्रभारी खुलेआम जुआ, सट्टा का संचालन कर रहे थे, लेकिन पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला के पदभार ग्रहण करते ही दो अंधे कत्ल के मामले उजागर किए तो जुए, सट्टे और नशे को संरक्षण देने वाले दो थाना प्रभारियों को लाइन अटैच किया. जो थाना प्रभारी राजनीतिक सरंक्षण के कारण थाने पर जमे थे अब उन पर गाज गिरना शुरू हो गई है. अब जिला पुलिस में वही पुलिसकर्मी मैदानी इलाकों में टिकेगा जो अवैध कामों पर रोक लगाएगा. अब किसी भी पुलिसकर्मी का संरक्षण जुआरियों, सटोरियों को प्राप्त हुआ कि पुलिसकर्मी मैदान में नजर नहीं आएगा.

### दो साल में पहली बार कसेरा बाजार का सट्टा बंद...

शाजापुर शहर में सट्टे का धंधा एक समय पूरे जोर पर था, नए नए सटोरियों ने दुकानें लांच कर ली थी, पिछले माह नवभारत ने भी महूपुरा के एक सट्टा सेंटर पर स्टिंग आपरेशन किया था, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था मानों कोई सरकारी जनकल्याण शिविर लगा हो, लेकिन वहीं सबसे चर्चित कसेरा बाजार का सट्टा कभी बंद नहीं हुआ. धर्मशाला में संचालित यह सट्टा बेखौफ सालों से चलता रहा, लेकिन नई पुलिस अधीक्षक के आते ही पुलिस ने फरमान जारी किया कि अब शहर में सट्टा नहीं चलेगा. पहली बार कसेरा बाजार में खुलेआम चल रहा सट्टा अंडर ग्रांउड हो गया है. कसेरा बाजार में संचालित सट्टा राजनीतिक संरक्षण के कारण खुलेआम चल रहा था, लेकिन अब नए पुलिस अधीक्षक के सामने न तो राजनीतिक सरंक्षण प्राप्त सटोरिये सट्टा चला पाएंगे और ना ही थाना प्रभारी अपनी आंख बंद कर पाएंगे. अब देखना है कि कसेरा बाजार का सट्टा कब तक बंद रहता है, हालांकि अंडर ग्राउंड अभी भी संचालित होने की चर्चा है.

### अच्छे कार्य की सराहना भी की...

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने 6 जुलाई को पदभार ग्रहण किया और 12 जुलाई को मक्सी लूट को उजागर किया. मक्सी पुलिस ने लूट के आरोपियों की धर पकड़ की. इस मामले में सभी पुलिसकर्मियों को अच्छी कार्रवाई के लिए शाबासी मिली लेकिन दो दिन बाद याने कि 14 जुलाई को मक्सी क्षेत्र में जंगल में जुआ संचालन को लेकर टीआई को लाइन हाजिर कर दिया. वहीं 18 जुलाई को शुजालपुर में नशे के कारोबार को लेकर आंदोलन हुआ तो 19 जुलाई को टीआई प्रवीण पाठक को लाइन हाजिर कर दिया. वहीं कालापीपल क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग बालक की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया. याने कि जो अच्छे काम कर रहे हैं उन्हें शाबासी मिल रही है और जो अवैध काम को नहीं रोक पा रहे हैं उन्हें तत्काल कार्रवाई के साथ लाइन भेजा जा रहा है.

### हेमर मशीन से दीवार तोड़ते समय हादसा

**शुजालपुर ।** ग्राम जोगखेडी में पुरानी दीवार तोडने के दौरान हादसा हो गया. जिसमें एक युवक की मौत हो गई. मिली जानकारी अनुसार ग्राम अरनियाकला निवासी 45 वर्षीय महेश कुमार पिता बालमुकुंद की शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई. बताया जाता है कि महेश ने ग्राम जोगखेडी में पुरानी दीवार तोड़ने का ठेका लिया था और हेमर मशीन से दीवार तोड़ने का काम कर रहे थे. इसी दौरान दीवार का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर पड़ा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तत्काल उपचार के लिए शासकीय सिविल अस्पताल शुजालपुर लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया.

# सट्टे और नशे से जिसने की यारी उसको पड़ेगी नौकरी करना भारी




बीते कुछ सालों से जिले के पुलिस महकमे में थाना प्रभारियों को शुक्ल पक्ष याने कि मौज मस्ती चल रही है, लेकिन नए पुलिस कप्तान के आते ही कई थाना प्रभारियों का कृष्ण पक्ष शुरू हो गया है. जो कल तक सट्टा, जुआ को आत्मनिर्भर बनाकर थाने थाने चलवा रहे थे अब एक-एक करके थाना प्रभारी लाइन में जमा हो रहे हैं. मक्सी के संजय की आंख जुआ नहीं देख पाई तो वे लाइन में जमा हो गए, भीमसिंह पहले से ही बेरोजगारी के दिन काट रहे हैं उन्होंने भी जुए को बडोदिया में रहते हुए, मान्यता दे रखी थी. अब नशे के मामले में शुजालपुर टीआई भी लाइन में जमा हो गए हैं. याने कि सट्टे और नशे से जो भी करेगा यारी उसको पड़ेगी नौकरी करना भारी. नई पुलिस कप्तान के आते ही कई थाना प्रभारियों का रक्तचाप बढ़ा हुआ है जो कल तक मौज मस्ती में दिन बीता रहे थे पुलिस का निजाम बदलते ही वे इन दिनों हैरान, परेशान और बेचैन नजर आ रहे हैं. लगता है जिले में अब थाने की कुर्सी पर वहीं टिक पाएगा जिसकी यारी कानून से होगी, जिसने भी सटोरियों, जुआरियों और नशेडियों से यारी करी उसे कुर्सी करना होगी खाली. अभी तो नए कप्तान को आए हुए चंद ही दिन हुए हैं, लेकिन एक के बाद एक कार्रवाई से एक बात साबित है कि जिले में ओपन टू क्लोज अब क्लोज ही रहेगा. अब खुलेआम न पर्चियां नजर आएगी और ना ही सट्टे की टेबलें नजर आएंगी. सट्टा, जुआ और नशे पर कप्तान के तीखे तेवरों से खादी भी बेचैन हैं, क्योंकि बिना खादी के संरक्षण औरआर्शीवाद व अनुकंपा के यह कारोबार चल ही नहीं सकता. शुजालपुर के टीआई प्रवीण पाठक तीन साल से पदस्थ थे, बढिया लक्ष्मी दर्शन के राजनीति संरक्षण के चलते शुजालपुर में सट्टा, जुआ व नशा हर कारोबार को मान्यता मिली थी. लेकिन अब लगता है कि थाने की कुर्सी पर उसकी ही बारी होगी जो सट्टे और जुआरियों से नहीं करेगा यारी.

**मुरलीवाले की कृपा से बाल-बाल बचे भंडारी**

कालापीपल में हत्याकांड के बाद लग रहा था की भंडारी की कुर्सी को भी शनि की दशा लग सकती है, लेकिन भंडारी के साथ मुरलीवाले की कृपा है, इसलिए वे बाल-बाल बच गए, इस हत्याकांड के बाद. हालांकि उनके आसपास के थाना प्रभारी नहीं बच पाए और उन पर कार्रवाई की गाज गिरी है. लेकिन एक बात तय है कि अगली बार यदि जरा भी ऊंच नीच हुई तो हो सकता है मुरलीवाले की कृपा भी काम न कर पाए.

**एक जगह जब जमा हो तीनों...**

एक फिल्म का गाना था एक जगह जमा हो तीनों अमर, अकबर, एंथोनी. लेकिन पुलिस महकमे में अमर, अकबर औरएंथोनी तो नहीं है लेकिन संजय, भीम और प्रवीण तीनों एक जगह जमा हो गए हैं. दो को जुआरियों से यारी मंहगी पड़ी तो एक को नशे के कारोबार से दोस्ताना मंहगा पड़ा. कल तक जो रोजगार (थाने) से लगे थे. आज वे बेरोजगार (लाइन अटैच) हो गए हैं.

**अंत में...**

नेता के पास कुर्सी का पावर और पुलिस के पास डंडे का, जब यह दोनों मिल जाते हैं तो आम आदमी की पीठ पर सिर्फ तारीख पर तारीख का निशान बचता है.

# प्रतिबंधित दवाएं खरीदने-बेचने का रखें संपूर्ण रिकॉर्ड

## प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री के मामले में शुजालपुर में केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**शाजापुर, 19 जुलाई. नशा मुक्त अभियान को गति देने एवं विगत कुछ दिनों में शुजालपुर शहर में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध रुप से बिक्री का मामला सामने आने पर आज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शुजालपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर की अध्यक्षता में केमिस्ट एसोसिएशन की आपात बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में औषधि निरीक्षक को अनुविभाग शुजालपुर के समस्त मेडिकल स्टोर्स के लायसेंस जांच करने और स्टॉक वेरिफिकेशन के निर्देश दिए तथा केमिस्ट एसोसिएशन को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न शेड्यूल के अनुसार सभी प्रतिबंधित दवाओं के क्रय-विक्रय का समुचित रिकॉर्ड सधारित करें. साथ ही किसी भी स्थिति में रजिस्टर्ड प्रैक्टिशनर चिकित्सक के प्रिस्क्रिपशन के बिना प्रतिबंधित दवाओं का विक्रय न करें. बिना पंजीकरण के मेडिकल स्टोर चलाने या प्रतिबंधित दवाओं को बिना प्रिस्क्रिपशन के विक्रय करने या प्रतिबंधित दवाओं को रिकॉर्ड संधारित नहीं करने की दशा में संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी.

**...तो संदिग्ध मानकर की जाएगी कठोर कार्रवाई**

इसके साथ ही नशे के उद्देश्य के लिए जिन दवाईयों का उपयोग वैकल्पिक रुप में हो रहा है, ऐसी समस्त दवाईयों का सीमित स्टॉक ही रखा जाए. यदि ऐसी दवाईयों का स्टॉक क्रय-विक्रय की मात्रा से अधिक पाया जाता है, तो ऐसी गतिविधि को संदिग्ध माना जाकर कार्यवाही की जाएगी. इस अवसर पर एसडीओपी शुजालपुर, नायब तहसीलदार, औषधि निरीक्षक शाजापुर, थाना प्रभारी गण, राजस्व निरीक्षक और केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी व मेडिकल स्टोर संचालक उपस्थित थे.

# पाठक को हटाया, व्यास नए सिटी थाना प्रभारी

## पुलिस अधीक्षक ने जारी की ट्रांसफर की लिस्ट, अन्य कई तबादले भी

**शुजालपुर । पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला ने निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए. जिसमें शुजालपुर सिटी पुलिस थाने में पदस्थ निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक को रक्षित केन्द्र शाजापुर भेजा गया तो उनके स्थान पर निरीक्षक प्रेमकिशोर व्यास को शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी बनाया गया।**



निरीक्षक व्यास पहले भी शाजापुर जिले में सेवाएं दे चुके है और आगर जिले भी पदस्थ रहे. बता दे शहर में नशे के कथित अवैध कारोबार को लेकर एक दिवस पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीओपी कार्यालय का घेराव कर शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी पाठक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को हटाने की मांग उठाई थी. साथ ही कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने भी सिटी पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जाहिर की थी. माना जा रहा है कि इन्ही घटनाक्रम के चलते निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक को शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी पद से हटाकर रक्षित केंद्र शाजापुर पदस्थ किया है. पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में इसे नियमित प्रशासनिक व्यवस्था के तहत किया गया स्थानांतरण बताया गया है. हालांकि यह आदेश एबीवीपी के नशे के खिलाफ प्रदर्शन और थाना प्रभारी को हटाने की मांग के कुछ समय बाद जारी होने से शहर में इसकी चर्चा बनी हुई है. इसके अलावा उप निरीक्षक दीपक धुर्वे को थाना सुंदरसी से पोलायकलां चौकी एवं कार्यवाहक उपनिरीक्षक रामेश्वर पटेल को पोलायकलां चौकी से सुंदरसी थाना पदस्थ किया गया.

### जिला जेल का निरीक्षण किया

**शाजापुर, 19 जुलाई.** जेल एवं सुधारात्मक सेवायें, मध्यप्रदेश भोपाल महानिदेशक डॉ. वरुण कपूर ने गत दिवस जिला जेल का भ्रमण कर निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर जेल में निरूद्ध बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्या के बारे में पूछा. बंदियों ने किसी भी प्रकार की समस्या होना नहीं बताया.महानिदेशक डॉ. कपूर ने जेल विभाग में बंदियों में सुधार एवं जेल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयासों से बंदियों को अवगत कराया एवं जिला जेल शाजापुर की व्यवस्था के संबंध में प्रसन्नता व्यक्त की.

# कायाकल्प अभियान में शाजापुर को 5वां स्थान

**शाजापुर, 18 जुलाई. मध्य प्रदेश शासन के प्रतिष्ठित कायाकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन के वार्षिक मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है. इस वर्ष के कड़े मुकाबले में जिला अस्पताल शाजापुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे मध्य प्रदेश में 5वां सर्वोच्च स्थान हासिल किया है. अस्पताल ने कुल 92.61 प्रतिशत का स्कोर अर्जित किया है, जो संस्था के इतिहास में एक मील का पत्थर है.**

सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना ने इस असाधारण उपलब्धि पर अस्पताल की पूरी टीम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है और इसे सभी के सामूहिक पसीने और अटूट निष्ठा का प्रतिफल बताया है. उन्होंने सफलता का श्रेय टीम के प्रत्येक स्तर को देते हुए कहा कि चिकित्सक दल जिनके कुशल चिकित्सकीय नेतृत्व, निरंतर समर्पण और दिशा-निर्देशन के कारण अस्पताल इस उच्च मानदंड को छू सका. वही नर्सिंग ऑफिसर्स जिन्होंने दिन-रात मरीजों की संवेदनशीलता के साथ सेवा कर अस्पताल की गुणवत्ता को धरातल पर उतारा. उन्होने बताया कि रीढ़ की हड्डी हमारे वार्ड बॉय, सुरक्षा गार्ड और सफाईकर्मी भाई-बहन, जो इस व्यवस्था की असली ताकत हैं. उनकी चौबीसों घंटे की सजगता के बिना स्वच्छता का यह कीर्तिमान असंभव था.

**इन बिंदुओं पर हुआ मूल्यांकन**

उल्लेखनीय है कि कायाकल्प अभियान के तहत अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और मरीज संतुष्टि जैसे अत्यंत कड़े पैमानों पर बाहरी विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया था. शाजापुर जिला अस्पताल द्वारा प्राप्त 92.61 का स्कोर यह दर्शाता है कि यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं.

# जैन संत शीतलराजजी महाराज का मंगल प्रवेश आज

**शाजापुर, 19 जुलाई. 20 जुलाई से शाजापुर नगर की धन्यधरा जैन सामायिक - स्वाध्याय की नई पहचान स्थापित करती नजर आएगी.**

अवसर होगा स्थानकवासी जैन संत पूज्य गुरुदेव श्री शीतलराजजी महाराज के चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश का. श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास 2026 के लाभार्थी स्व. श्रीमती कमलाबाई-स्व. कल्याणमल जैन के परिवारजनों ने बताया कि उक्त चातुर्मास महोत्सव में आचार्य प्रवर इतिहास मार्तंड पूज्य हस्तीमलजी मसा के महासाधक शिष्य, सामायिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक परम पूज्य गुरुदेव शीतलराजजी मसा का वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश आगामी 20 जुलाई सोमवार को शाजापुर नगर में होगा. गुरु देव का मंगल प्रवेश सुबह 7.15 बजे बेरछा रोड स्थित पगारिया फॉर्म हाउस से चल समारोह के रूप में होगा. जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर लाल बहादुर शास्त्री मार्ग स्थित चातुर्मास स्थल आनंद निवास पहुंचकर संपन्न होगा.

**एक नजर में** | गहरे दलदल में उतरे गौसेवक, हिरण की भी बचाई जान

# जान जोखिम में डालकर दलदल में फंसे गौवंश को बचाया

**शाजापुर, 19 जुलाई. नगर की गौरक्षा सेना हमेशा मुसीबत में फंसे गौवंश को बचाने तत्पर रहते हैं. इसका उदाहरण उस समय देखने को मिला जब चीलर नदी के दलदल में जीवन और मौत के बीच में झूल रहे एक गौवंश को नगर के गौरक्षकों ने अपनी जान की भी परवाह किए बगैर उसे बाहर निकाला.**



रविवार को गौरक्षा सेना की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर रेस्क्यू अभियान चलाकर एक घायल मादा हिरण और चीलर नदी में फंसे एक गोवंश की जान बचाई. दोनों अभियानों में स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया. पहला रेस्क्यू बरवाल क्षेत्र में सुबह करीब 8 बजे कांजा,बरवाल के बाल्डे के पास आश्रम के समीप किया गया. यहां तार फेंसिंग के बीच बनी खंती में एक मादा हिरण गंभीर रूप से घायल मिली. सूचना मिलने पर गौरक्षा सेना की बरवाल टीम के अर्जुन राजपूत, राजपाल राजपूत और कुलदीप राजपूत मौके पर पहुंचे. टीम ने हिरण को सुरक्षित निकालकर पशु चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया. बाद में वन विभाग की रेस्क्यू टीम को हिरण सौंप दिया गया.

### जलकुंभी में फंसे गोवंश को नदी से निकाला

दूसरा रेस्क्यू नगर की भावसार धर्मशाला के सामने चीलर नदी में किया गया. यहां जलकुंभी और गंदगी के बीच एक गोवंश फंस गया था. सूचना पर गौरक्षा सेना के संस्थापक धर्मेंद्र शर्मा और रेस्क्यू विशेषज्ञ विशाल देवतवाल टीम के साथ पहुंचे. विशाल देवतवाल कमर में रस्सी बांधकर नदी में उतरे और टीम व स्थानीय लोगों की मदद से टेंट के पाइप का सहारा लेकर गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. दोनों सफल रेस्क्यू अभियानों के बाद स्थानीय लोगों ने गौरक्षा सेना की तत्परता और साहस की सराहना की. समय पर कार्रवाई से घायल हिरण और गोवंश दोनों की जान बचाई जा सकी.

### नपा का सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू

**शाजापुर, 19 जुलाई.** नपा द्वारा एसएबीबी सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू किया गया है. इस अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. अभियान के तहत मंदिर प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाया गया एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया. इस अभियान के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने तथा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. इस अभियान के सफल आयोजन में नगर पालिका की सहयोगी संस्था इनोवेशन टेक्नोलाजी इंटरप्राइजेस की टीम की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण सहभागिता रही.